RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : रविवार 18 फरवरी 2024 | वर्ष 05 | अंक 297 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# लोकसभा सीट के लिए कांग्रेस नेताओं में खींचतान...

## असलम शेख और अमीन पटेल ने लोकसभा सीट की मांग की



**मुंबई** : महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव को लेकर हलचल तेज हो गई है. मुंबई से लोकसभा सीट के लिए कांग्रेस नेताओं में खींचतान की खबरें आ रही हैं. जानकारी के मुताबिक पूर्व मंत्री असलम शेख और अमीन पटेल ने लोकसभा सीट की मांग की है. असलम शेख ने मुंबई से अल्पसंख्यकों के लिए एक लोकसभा सीट की मांग करते हुए अपनी दावेदारी पेश की है. दोनों नेताओं ने महाराष्ट्र कांग्रेस प्रभारी रमेश चेन्निथला से लोकसभा सीट को लेकर अपनी दावेदारी को लेकर मांग की है.

महाराष्ट्र में कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण के इस्तीफे और फिर बीजेपी में शामिल होने के बाद अटकलें लगाई जा रही थी कि कांग्रेस के विधायक और पूर्व मंत्री असलम शेख ने भी पार्टी छोड़ दी है. हालांकि उन्होंने सोशल मीडिया पर अटकलों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि वो कांग्रेस पार्टी नहीं छोड़ रहे हैं और मीडिया के लोग मेरे किसी दूसरी पार्टी में जाने के बारे में झूठी खबरें न फैलाएं. उन्होंने कहा था कि मयार्दा को बरकरार रखते हुए बिना मतलब का भ्रम पैदा न करें. वहीं, अमीन पटेल मुंबई के मुंबादेवी निर्वाचन क्षेत्र से महाराष्ट्र विधानसभा के लिए तीन बार चुनाव जीत चुके हैं. अमीन पटेल को लेकर भी अफवाहें थी कि वो पार्टी छोड़कर जा रहे हैं.

### कांग्रेस के बड़े नेताओं में शामिल असलम शेख?

**महाराष्ट्र कांग्रेस के दिग्गज नेताओं में शामिल असलम शेख पार्टी का अहम चेहरा माने जाते हैं. वह महाराष्ट्र विधानसभा के सदस्य के तौर पर मुंबई, महाराष्ट्र में मलाड पश्चिम विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं. उन्होंने मलाड पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र से जीत दर्ज की थी और मौजूदा विधायक हैं. शेख ने भाजपा के आर. यू. सिंह को बहुत भारी अंतर से मात दी थी. असलम शेख प्रदेश की पिछली महा विकास अघाड़ी सरकार में कपड़ा, मत्स्य पालन विभाग और बंदरगाह विकास मंत्री के तौर पर कार्यभार संभाल चुके हैं. साल 2015 में असलम शेख उस वक्त काफी चर्चा में आ गए थे, जब उन्होंने देश के तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी को चिट्ठी लिखकर 1993 बम ब्लास्ट के दोषी याकूब मेमन के लिए दया की मांग की थी.**

# अपना सरकारी दस्तावेज ठीक करा ले मुसलमान...

## सपा विधायक आसिम आजमी का मुसलमानों को सलाह

मुंबई : समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक अबू आसिम आजमी ने कहा कि देश के मौजूदा हालात को देखते हुए मुसलमानो को अपने सरकारी दस्तावेज को सही करना बहुत जरूरी है, इसके अलावा मुसलमानों को अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराना चाहिए और यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि उनका नाम मतदाता सूची में शामिल है या नहीं क्योंकि अगर आपने एक बार भी वोट किया है तो आपका नाम वोटर लिस्ट से हटाया जा सकता है, इसलिए जरूरी है कि आप अपना नाम रजिस्टर करा लें और इसकी जांच कर लें.



शनिवार को बंटर भवन कुर्ला में शिकलगार जमात ट्रस्ट द्वारा आयोजित वार्षिक सम्मेलन में वे बोल रहे थे. आजमी ने कहा कि देश में ऐसी कोई पार्टी नहीं है जो मुसलमानों को अपने साथ लेकर चलने को तैयार हो, उन्हें पार्टी के मंच पर मुसलमानों को बुलाना मंजूर नहीं है, क्योंकि अगर मुसलमान उनके साथ आएंगे तो गैर-मुस्लिम उनसे दूर हो सकते हैं लेकिन जिस तरह से माहौल बना है, उससे अच्छे और धर्मनिरपेक्ष हिंदू भी मुसलमानों से दूर जा रहे हैं संविधान के अस्तित्व और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए हर मुसलमान को वोट देना जरूरी है. ऐसे उम्मीदवार को वोट देना जरूरी है जो धर्मनिरपेक्ष हो और जाति-धर्म के नाम पर दंगे न कराता हो आगे बोलते हुए आजमी ने कहा कि आज प्रयास हो रहा है हिंदू-मुसलमान के नाम पर नफरत पैदा कर वोट लेने का ।मुसलमानों का विकास तभी संभव है, जब वे शिक्षा रूपी रत्न से सुसज्जित होंगे। उन्होंने कहा कि इस देश को सोने की चिड़िया कहा जाता था। औरंगजेब ने शासन किया था। इस देश ने 52 साल तक न्याय किया, लेकिन अब औरंगजेब का नाम लेने पर भी उसे नफरत अभियान में जेल भेजा जा सकता है। संविधान की रक्षा के लिए, हमें शिक्षा पर जोर देना चाहिए। जब हम उच्च शिक्षित होते हैं, तो हम इस देश और कौम का नाम रोशन करेंगे।

# नवी मुंबई में 31.6 लाख रुपये के ड्रग्स के साथ 3 लोग गिरफ्तार



**ठाणे** : नवी मुंबई में 31.6 लाख रुपये मूल्य की मेथिलीन डाइऑक्सी-मेथामफेटामाइन (एमडीएमए) और ब्राउन शुगर रखने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने शुक्रवार शाम कोपरखैरने इलाके से संदिग्ध रूप से घूम रहे आरोपियों को पकड़ा। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 63 ग्राम एमडीएमए और 253 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की, जिसकी कीमत 31.6 लाख रुपये है। अधिकारी ने बताया कि आरोपी मोहम्मद शमीम इस्माइल अंसारी उर्फ सैम (27), खालिदा खातून मोहम्मद अजीम अंसारी (23) और आफिया खातून हयात मोहम्मद अंसारी (19) को गिरफ्तार किया गया जबकि उनकी साथी रुकसाना अंसारी फरार है। पुलिस के मुताबिक, स्वापक औषधि और मनप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम की प्रासंगिक धाराओं के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने कहा कि वह यह पता लगाने में जुटी है कि प्रतिबंधित पदार्थ कहां से प्राप्त किया गया और इसे किसे बेचा जाना था।

# छोड़े गए वाहनों पर बीएमसी की कार्रवाई, लोअर परेल से 87 कारें हटाई गई...

**मुंबई:** बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने शुक्रवार को लोअर परेल में अव्यवस्थित सड़कों और पैदल चलने वालों के लिए खतरनाक कहे जाने वाले 87 वाहनों को जब्त करके कार्रवाई की। इस पहल से 10,000 वर्ग फुट से अधिक मूल्यवान सार्वजनिक स्थान पुनः प्राप्त हुआ।सड़कों और फुटपाथों पर बाधा उत्पन्न करने के अलावा, इन परित्यक्त वाहनों ने विभिन्न स्वास्थ्य और सुरक्षा जोखिम भी पैदा किए। वे मच्छरों और कृन्तकों के लिए प्रजनन स्थल और



असामाजिक तत्वों के लिए संभावित आश्रय स्थल के रूप में कार्य करते थे। बीएमसी आयुक्त इकबाल सिंह चहल के निर्देशन में सहायक आयुक्त संतोष कुमार धोंडे ने यातायात पुलिस के साथ संयुक्त अभियान का नेतृत्व किया। ऑपरेशन में लोअर परेल रेलवे स्टेशन के आसपास के इलाकों को निशाना बनाया गया, जिसमें सीताराम जाधव मार्ग, जीएम भोसले मार्ग और एनएम जोशी मार्ग शामिल हैं। ऑपरेशन में मशीनरी सहित 50 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए।जब्त किए गए सभी 87 वाहनों के लिए मुंबई नगर निगम (एमएमसी) अधिनियम की धारा 314 के तहत नोटिस जारी किए गए थे।इसके अतिरिक्त, 56 वाहनों को पहले ही स्क्रैपयार्ड में भेज दिया गया है और बाकी को उचित प्रक्रियाओं के बाद नीलाम किया जाएगा।


# पनवेल में एसटी बस की टक्कर से महिला की मौत



**पनवेल:** पनवेल शहर में राज्य परिवहन बोर्ड के बस डिपो के पास एक तेज रफ्तार बस की टक्कर से 63 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई है। मृतक महिला का नाम कल्पनाचंद लक्ष्मणचंद ठाकुर है। टक्का क्षेत्र में सिद्धि हाउस बिल्डिंग में रहने वाले कल्पनाचंद तीन दिन पहले (13 फरवरी) सुबह सात बजे अपने पोते को बस स्टैंड छोड़ने के लिए निकले थे। पंचमुखी हनुमान मंदिर से एसटी डिपो मार्ग पर किंग्स इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान के सामने तेज रफ्तार राज्य परिवहन बोर्ड की बस (बस क्रमांक एमएच 07 सी 7213) ने उसे टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बस चालक मंसूर शेख पर पनवेल शहर पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम की धारा 184 के साथ-साथ तेज गति से गाड़ी चलाने के लिए आईपीसी की धारा 304, ए, 279, 337, 338 के तहत मामला दर्ज किया है।

# मीरा भायंदर मनपा के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच खुलेआम हुई झड़प

**भायन्दर :** मीरा भायंदर मनपा के उद्यान विभाग के दोनों वरिष्ठ अधिकारी हंसराज मेश्राम और नागेश इरकर के बीच में सरकारी मयार्दा का उलंघन करते हुए कल बजट के दिन हुई धक्का-मुक्की और गाली-गलौज से मनपा के कई अधिकारी हतप्रभ है,साथ इस संबंध में भायंदर(पश्चिम) पुलिस स्टेशन में मेश्राम ने इरकर के खिलाफ मनपा के पत्रबंध का इस्तेमाल करते हुए इरकर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। ज्ञात हो कि मीरा भायंदर मनपा (उद्यान विभाग) के उद्यान अधीक्षक नागेश इरकर और हंसराज मेश्राम दोनों अधिकारी पिछले कई वर्षों से इस पद पर है,सूत्रों के अनुसार पिछले कुछ महीनों से इन दोनों में सब कुछ ठीक भी नहीं चल रहा था,और कल बजट के दिन ही किसी विषय को लेकर दोनों आपस में भीड़ गए, उपरांत मेश्राम ने मनपा के ही पत्रबंध का उपयोग कर भायन्दर(पश्चिम) पुलिस थाने में इरकर के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई,उक्त शिकायत में मेश्राम ने इरकर पर गंभीर आरोप लगाने के साथ ही यह भी लिखा की 16 फरवरी को दोपहर करीब 1 बजे इरकर मेश्राम की अनुपस्थिति में और बिना अनुमति के नगर भवन स्थित मेश्राम के कार्यालय में घुसकर उनके टेबल और ड्रावरों की अनैतिक रूप से छान बीन की, और इस बारे में इस बारे में जब मेश्राम ने इरकर से इस पूछा तो वे बिफर पड़े और गाली गलौज के साथ मारपीट करने लगे ऐसा आरोप लगाया है। भायंदर पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने कहा की हम पत्र के आधार पर जाँच कर रहे है।



# संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## बजट में धूप या सेंक...

अब घर और राज्य के बजट में जनता के नजरिए में अंतर है। हम बजट की धूप को सेंकना चाहते हैं, लेकिन यह नहीं चाहते कि कहीं हमारी जेब को सेंक लगे। इसलिए हिमाचल की आर्थिक स्थिति के विपरीत राज्य का बजट अपने ही मुगालते में टैक्सों से दूर, इच्छाओं से भरपूर और उधार की बेडि ों से चकनाचूर होते भी मुस्कराता रहेगा। यह मोहिनी सूरत में सूरत-ए-हाल की समीक्षा नहीं, बल्कि प्रदेश की गाड़ी पर सबको बैठाने की कोशिश होगी। कुछ परतें केंद्रीय बजट की अंतरिम पेशकश से मुकम्मल की जाएंगी, तो कई खाकों में सुंदर सी घोषणाएं सजाने की मुहिम होगी। पिछले बजट की आरजू में चुनावी गारंटियों का शोर था, इसलिए इस बार विपक्ष की आलोचना में सीना फुलाने का संदर्भ होगा। जाहिर है सरकार पर्यटन की पोटली से कुछ नूर निकालने के लिए अपनी ही घोषणाओं की पात्र बन जाएगी या डेयरी की मलाई को और काढकर सरकार खोया बनाने की भट्ठी पर बजट को पहुंचाएगी। सरकार का मूल मंत्र ग्रीन राज्य की चौपाइयां सुनाता रहा है, तो निश्चित रूप से आगामी बजट में ग्रीन कोरिडोर दौड़ेंगे और चार्जिंग स्टेशन चीख-चीख कर बताएंगे कि इलेक्ट्रिक वाहनों को मिल रही सबसिडी किस गति से करंट पैदा कर रही है। हालांकि सरकार का प्रथम वर्ष अपने ही प्रथम बजट के अनुशासन में अभी मुलाकात नहीं कर सका, क्योंकि चुनावी गारंटियों की मोहलत आने वाले सालों में बिखर गई। देखना यह होगा कि इस बार का बजट और कितनी चुनावी गारंटियां ढो कर विपक्ष का मुंह बंद कर पाता है। हकीकत में मुफ्त बिजली और पात्र महिलाओं को पंद्रह सौ रुपए की गारंटी राज्य की रीढ़ को झुका देगी, बजट को भिखारी बना देगी, लेकिन राजनीति को इससे क्या लेना देना।

दूसरी ओर हिमाचल की जनता को अब सियासत ने आखिर कितना निकम्मा बनाना है। पहले ही राशन की सबसिडी ने प्रदेश के दो सौ करोड़ से अधिक निकाल लिए। इसी तर्ज पर मुफ्त बिजली भी बजट को कमजोर बना रही है। हमने समाज को सिर्फ सरकार से मांगने, हथियाने और गरियाने का पात्र बना दिया। प्रदेश की हर सरकार को अपने कार्यकाल के बजटों के माध्यम से ऐसा समाज सुदृढ़ करना है, जो नए करों को स्वीकार न करे। बिजली, पानी, परिवहन की दरों से जुड़े सवालों पर बजट के घाटे अब कोई अनहोनी नहीं। कोशिश यह है कि किसी तरह उधार की सांसें मखमली कंबल के नीचे चलती रहें। बजट में प्रतिज्ञा या संकल्प नहीं वादों की डोर पर जनता को सौगातों का करिश्मा हमेशा दिखाना होता है। यह दीगर है कि इस बार सरकार को पिछले साल के मंच से उतर कर आत्म निर्भरता के संकल्प पर बजट को दिशा दिखानी होगी। हालांकि देश के राजनीतिक परिदृश्य और कांग्रेस की राष्ट्रव्यापी स्थिति से हिमाचल की सत्ता का एक संघर्ष अपने ही संसाधनों से है। जिस तरह केंद्रीय भाजपा की सत्ता राज्य के आर्थिक व वित्तीय संसाधनों पर कुंडली मार कर बैठी है, उससे बजट को पूरी तरह परिभाषित करने के लिए सुक्खू सरकार की हिम्मत की प्रशंसा करनी होगी। अपनी वित्तीय परिस्थितियों के बावजूद सरकार ने ओपीएस के समर्थन में अपनी गुल्लक तोड़ी है, तो कर्मचारियों के मसलों में उदारता का ढक्कन खुला रखा है।

ऐसे में हिमाचल प्रदेश के बजट के सामने ऋण के पहाड़ को और ऊपर उठाने की कसरतें भी नत्थी हैं। जनता, बेरोजगार, कर्मचारी, व्यापारी, निजी क्षेत्र और समूचे विकास की अपेक्षाओं के बीच बजटीय परीक्षा में, सुक्खू सरकार का ओहदा व रुतबा देखा जाएगा। राज्य के बजट पर स्थानीय निकायों की निर्भरता का तकाजा अभी हाल ही में आए धर्मशाला व शिमला नगर निगमों के वार्षिक वित्तीय ब्यौरे से स्पष्ट है, जहां आय से मीलों दूर व्यय के रथ को दौड़ाने की कोशिश में एक मांग पत्र खड़ा है। एक नए हिमाचल के विजन में स्वावलंबन की अवधारणा आवश्यक है। राज्य को पर्यटन राज्य, ऊर्जा राज्य और निजी निवेश के जरिए आगे बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार मौजूदा बजट को नई धार दे सकती है, बशर्ते संकल्पों की चांदनी में सिर्फ यथार्थवादी ढंग से सोचा जाए। बजट में कुछ अनावश्यक खर्चों के हाथ-पांव बांधने की शर्त के साथ क्या सुक्खू सरकार अपने आकार और निकम्मे सार्वजनिक उपक्रमों को कम कर पाएगी।


+91 99877 75650

editor@rokthoklekhaninews.com

Faisal Shaikh @faisalshaikh_91


# मुंबई में "जय श्री राम" नहीं बोलने पर ऑटो ड्राइवर की पिटाई... 5 लोगों को किया गिरफ्तार



**मुंब्रा :** एक ऑटो-रिक्शा चालक के साथ मारपीट करने और उसे 'जय श्री राम' बोलने के लिए मजबूर करने के आरोप में पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उन्होंने उससे 2,000 रुपये भी लूट लिए, जिसके बाद डकैती का मामला दर्ज किया गया। घटना के बाद, मुंब्रा के निवासियों ने क्षेत्र में किसी भी सांप्रदायिक तनाव को रोकने के लिए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

शिकायतकर्ता, मुंब्रा में रहने वाले 46 वर्षीय ऑटो-रिक्शा चालक मोहम्मद साजिद खान ने कहा कि वह आमतौर पर यात्रियों को मुंब्रा रेलवे स्टेशन से शिलफाटा क्षेत्र तक ले जाता है। अपनी दिनचर्या का पालन करते हुए, खान दोपहर 12.30 बजे अपने घर से निकले और भिवंडी के लिए किराया लिया और रात 9 बजे वापस घर के लिए रवाना हुए। घटना रात करीब 11 बजे की है। घटना को याद करते हुए, खान ने कहा, "जब मैं स्टैंड के आगे एक यात्री को लेने के लिए रुका, तो हितेश वास्कर, जिसे भाऊ के नाम से भी जाना जाता है, ने चार अन्य लोगों के साथ मेरे साथ दुर्व्यवहार और मारपीट शुरू कर दी। उन्होंने मेरी टोपी फेंक दी और मुझसे 'जय श्री राम' का नारा लगाने को कहा।" उन्होंने आगे कहा कि उन्होंने उनके ऑटो-रिक्शा में तोड़फोड़ की और उसमें से 2,000 रुपये चुरा लिए। खान ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी। शिल दाइघर पुलिस ने शुक्रवार तड़के हितेश वास्कर और चार अन्य के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 395, 295 (ए) और 34 के तहत मामला दर्ज किया। मामला दर्ज होने तक खान के समर्थन में बड़ी संख्या में भीड़ थाने में जमा थी. शुक्रवार की नमाज के बाद, पुलिस उपायुक्त और सहायक पुलिस आयुक्त ने मुंब्रा का दौरा किया और निवासियों को सभी आरोपियों की गिरफ्तारी और उनके खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया। ठाणे शहर, जोन 1 के पुलिस उपायुक्त सुभाष बर्से ने कहा, "हमने मामला दर्ज कर लिया है और मामले की आगे की जांच कर रहे हैं। अपराध में शामिल आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।" कलवा मुंब्रा विधानसभा के एआईएमआईएम के अध्यक्ष सैफ पठान ने कहा, "ठाणे पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने हमें आश्वासन दिया है कि घृणा अपराध के अपराधी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह पहली बार नहीं है जब उसने नफरत भरी ऐसी हरकतें की हैं। सांप्रदायिक तनाव को बढ़ने से रोकने के लिए पुलिस को ऐसे असामाजिक तत्वों को निर्वासित करने पर विचार करना चाहिए। पुलिस को रिक्शा स्टैंड पर उसके जबरन वसूली रैकेट की जांच करनी चाहिए।

# मराठा समाज को टिकाऊ आरक्षण हमारी सरकार ही देगी - शिंदे

**मुंबई :** महाराष्ट्र मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने दावा किया है कि मराठा समाज को टिकाऊ आरक्षण हमारी सरकार ही देगी। महाराष्ट्र राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट स्वीकार करने के बाद मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि जिनको कुनबी प्रमाण पत्र मिलेगा, उन्हें मराठा आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। आरक्षण पर चर्चा करने के लिए मंगलवार को एक दिन का विशेष सत्र बुलाया गया है। मराठा समुदाय के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक पिछड़ेपन पर अध्ययन करने के लिए न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) सुनील शुक्रे की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई थी। उस समिति ने शुक्रवार सीएम आवास वर्षा पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को अपनी रिपोर्ट सौंप दी।



मुख्यमंत्री शिंदे ने रिपोर्ट की तारीफ करते हुए कहा कि 24 घंटे युद्ध स्तर पर काम करके अधिकारियों ने इस सर्वे को तैयार किया है। रिपोर्ट से सरकार को आवश्यक आंकड़े के साथ मराठा समुदाय के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने वाला कानून बनाने में मदद मिलेगी।

सरकार ने शिक्षा और सरकारी नौकरियों में आरक्षण की मांगों पर चर्चा के लिए 20 फरवरी को एक विशेष सत्र बुलाया है। सर्वे का काम पूरे महाराष्ट्र में 23 जनवरी से शुरू हुआ। इस काम में साढ़े तीन से चार लाख कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। तीन से चार बार में यह सर्वेक्षण 2.5 करोड़ परिवारों तक पहुंचा। इस काम में गोखले इंस्टीट्यूट, आईआईपीएस जैसी अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों ने मदद की।

एकनाथ शिंदे ने कहा कि रिपोर्ट पर व्यापक चर्चा के बाद इसे कैबिनेट में रखा जाएगा, जहां मंजूरी के बाद विधानसभा के विशेष सत्र पेश किया जाएगा, ताकि मराठा समुदाय को आरक्षण देने की दिशा में आगे का खाका तैयार किया जा सके। मुख्यमंत्री ने इस बात को दोहराया कि राज्य सरकार मराठा समुदाय को आरक्षण देने के पक्ष में है। अगर मराठा समुदाय को आरक्षण मिलता है, तो इससे उन्हें विधिक सुरक्षा मिलेगी।

## पालघर में फैक्ट्री में जोरदार धमाका, दूर तक फैली आग की लपटों से लोगों में दहशत

**पालघर :** महाराष्ट्र के पालघर जिले के बोइसर-तारापुर इलाके में एक फैक्ट्री में शनिवार (17 फरवरी) को जोरदार धमाका हुआ है. जानकारी के मुताबिक बोइसर तारापुर एमआईडीसी में मोल्टास फैक्ट्री में करीब बारह बजे भयानक विस्फोट की आवाज सुनाई दी. धमाके के बाद दो फैक्ट्री में आग लग गई. बताया जा रहा है कि विस्फोट के बाद आग की लपटें और धुआं काफी दूर तक फैल गया है. दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची हुई हैं. दमकल विभाग के कर्मचारी आग पर काबू पाने की कोशिश में लगे हैं. धमाका इतना भयावह था कि पूरा इलाका दहल गया. आग लगने के बाद फैक्ट्री के कर्मचारियों के बीच अफरातफरी का माहौल बन गया. फैक्ट्री के आसपास के लोग भी भागते देखे गए. इलाके के नागरिकों में डर का माहौल बन गया है.

## भयंदर से वसई फेरी सेवा 20 फरवरी से शुरू होगी



**मुंबई :** वसई-भायंदर (और इसके विपरीत) के बीच बहुप्रतीक्षित रोल-ऑन/रोल-ऑफ (रो-रो) नौका सेवाएं मंगलवार (20, फरवरी 2024) से शुरू होंगी। महाराष्ट्र मैरीटाइम बोर्ड (एमएमबी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) डॉ. माणिक गुरसल ने शनिवार को इस संदर्भ में एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की।कोंकण तटरेखा के विभिन्न क्षेत्रों में नौका सेवाओं के क्षेत्र में समृद्ध अनुभव रखने वाली रत्न ।गिरी स्थित इकाई सुवर्णदुर्ग शिपिंग एंड मरीन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को शॉर्टलिस्ट किया गया है और इस क्रीक मार्ग पर रो-रो यात्री जहाजों को संचालित करने की अनुमति दी गई है।

परिवहन के बहुत तेज और अधिक कुशल तरीके की पेशकश करते हुए, सेवाओं को शुरू में तीन महीने के लिए प्रायोगिक आधार पर संचालित किया जाएगा ताकि किसी भी प्रकार की तकनीकी या तार्किक समस्याओं का पता चलने पर उन्हें दूर किया जा सके। जहाजों में एक समय में 100 यात्रियों और दो, तीन और चार पहिया वाहनों सहित 33 वाहनों को ले जाने की क्षमता होगी। वाहनों की संख्या में वृद्धि के परिणामस्वरूप यात्रा का समय और राजमार्ग पर यातायात की भीड़ बढ़ गई है। रो-रो सेवा में यातायात को कम करने और दोनों शहरों के बीच यात्रा की दूरी को लगभग 34 किमी तक कम करने की क्षमता है, जिससे न केवल यात्रा का समय लगभग 55 मिनट कम हो जाएगा, बल्कि भारी भीड़ के कारण बर्बाद होने वाले कीमती ईंधन की भी बचत होगी। व्यस्ततम यातायात घंटों के दौरान प्रदूषण को कम करें। प्रारंभिक टैरिफ के अनुसार, मोटरसाइकिल (सवार के साथ) के लिए र-60, तिपहिया/मिनीडोर (ड्राइवर के साथ) के लिए र-100, कार के लिए र-180 (ड्राइवर के साथ), मछली, मुर्गियां, फलों की प्रति टोकरी र-40 का शुल्क लिया जाएगा। , डू, बकरी और भेड़



# केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्वतंत्रता सेनानी कपूर्री ठाकुर को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि...



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्वतंत्रता सेनानी कपूर्री ठाकुर की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी है। शाह ने कहा कि कपूर्री जी ने अपने सामाजिक जीवन में शुचिता व त्याग के सर्वोच्च मानदंड स्थापित किये। आजीवन पिछड़ों व महिलाओं के अधिकारों के लिए समर्पित ठाकुर ने शिक्षा-व्यवस्था को सर्वसुलभ बनाने के महत्त्वपूर्ण कार्य किये थे।

शाह ने कहा कि पीएम मोदी ने कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न का सम्मान देकर उनके कार्यों को प्रकाश में लाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि कपूर्री ठाकुर ने जो काम किया है, वो काफी महत्वपूर्ण है।

# मुख्यमंत्री के सियासी भविष्य को लेकर भी चर्चाएं तेज... देवेंद्र फडणवीस ने दिया बड़ा बयान



**मुंबई :** देश में अगले कुछ ही महीनों में लोकसभा चुनाव होने वाले हैं। इसके तुरंत बाद ही महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव भी सामने है। ऐसे में अगर महाराष्ट्र में एक बार फिर एनडीए सरकार बनती है तो क्या शिंदे सीएम के कुर्सी पर दोबारा बैठेंगे? ये सवाल जब डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस से पूछा गया तो उन्होंने इसका सीधा जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा कि अगला मुख्यमंत्री कौन होगा? इसका फैसला राज्य की सत्ता में शामिल तीनों दल करेंगे। फिलहाल, महाराष्ट्र में तीन दलों की सरकार है, जिसमें भाजपा, एकनाथ शिंदे के लिडरशिप वाली शिवसेना और अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी शामिल है। अगर फडणवीस खुले तौर पर शिंदे का नाम नहीं ले रहे हैं तो उनके सियासी भविष्य को लेकर सवाल उठना लाजिमी है। आपको बता दें कि साल 2022 में शिवसेना से बगावत के बाद एकनाथ शिंदे को भाजपा के समर्थन से सीएम बनने का मौका मिला था। हालांकि, आगे भी यह सिलसिला ऐसा ही चलता रहेगा या नहीं, यह अभी फिक्स नहीं है।

# पकड़ा गया नालासोपारा का सीरियल रेपिस्ट... जो नन्हीं बच्चियों को बनाता था निशाना

**नालासोपारा :** एक शख्स जो इंसान की आड़ में वो दरिंदा है जिसने नन्हीं मासूम बच्चियों को अपनी हवस का शिकार बनाया और उन्हें ना भूलने वाला दर्द दिया। इस दरिंदे का नाम बगावत शंकर मारवाड़ी है, इसकी उम्र २८ वर्ष है और ये नालासोपारा पश्चिम के झोपड़पट्टी में रहकर नन्हीं बच्चियों को निशाना बनाया था। जिसके आतंक की ताबूत पर आखिरी कील ठोंकी हैं एमबीवीसी क्राइम ब्रांच यूनिट दो ने और इसे सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। बगावत शंकर मारवाड़ी जो नालासोपारा पश्चिम के इसी झोपड़पट्टी में रहकर अलग अलग अपराधों को अंजाम दिया करता था। इसने बीते ५ महीनों में नालासोपारा में दो मासूमों को निशाना बनाया।जो मामले पुलिस स्टेशन में दर्ज हैं। जिसमें पहला मामला ५ अक्टूबर २०२३ का है जिसका अपराध नालासोपारा पूर्व के ३४८/ल्ल स्त्र२ में दर्ज है और दूसरा अपराध अचोले पुलिस स्टेशन क्षेत्र में १३ फरवरी को दर्ज हुआ है। इसके इसी अपराध की जांच करते हुए क्राइम ब्रांच यूनिट संख्या दो ने बेहद उम्दा



तरीके की केस को आगे बढ़ाया और अपराधी को उनके अंजाम तक पहुंचाया है। हमने जब इस बारे में क्राइम ब्रांच यूनिट दो के पुलिस निरीक्षक से बात की तो उन्होंने इस मामले में कई खुलासे किए। पुलिस के अनुसार अचोले पुलिस स्टेशन क्षेत्र में बीते १३ फरवरी को इस दरिंदे ने ८ साल की एक नन्हीं मासूम बच्ची को उस समय निशाना बनाया जब वो अकेली अपने घर लौट रही थी। उसी समय बगावत मारवाड़ी बच्ची को अपनी गोद में उठाकर , बिल्डिंग की छत पर ले जाकर उस पर अत्याचार करता है। बच्ची की चीख पुकार सुनकर लोग उस ओर दौड़ते हैं लेकिन ये दरिंदा मौके से भागने लगता है, लोग उसके पीछे दौड़ते हैं लिए तब तक वो भाग जाता है और पब्लिक के हाथ से निकल जाता है। पुलिस ने मामले में जांच करते हुए उस रिक्शे का पता लगाया जिससे आरोपी दरिंदा घ्टनस्थल से नालासोपारा स्टेशन जाता है।रिक्शे वाले ने बताया कि आरोपी बगावत मारवाड़ी भागते हुए आता है और उसे नालासोपारा स्टेशन छोड़ने की बात करता है, रिक्शे वाले ने उसे नालासोपारा स्टेशन छोड़ दिया, बस इतनी जानकारी पुलिस को मिल पाई।पुलिस की टीम ने जब स्टेशन की सीसीटीवी फुटेज जांचनी शुरू की तो पता चला कि ये आरोपी नालासोपारा स्टेशन तो गया लेकिन उसने वहां से कोई ट्रेन नहीं पकड़ी।

## दिन दहाड़े चोर गाड़ी से ले उड़े लाखों रुपए नकद

**वसई :** वालीव पुलिस स्टेशन क्षेत्र में अज्ञात चोर ने दिन दहाड़े गाड़ी से लाखों रुपए नकदी चोरी कर फरार होने की घटना सामने आई है। इस मामले में वालीव पुलिस ने अज्ञात चोर के ऊपर केस दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, उत्तम उदय उजाल, गांधी चौक, फुलपाड़ा रोड, विरार पूर्व में रहता है। बताया गया है



कि, 14 फरवरी को लगभग दोपहर 3.00 बजे से 3.30 बजे तक सलमान सुपारी स्टोर्स रंजनाका वसई पूर्व और रेंजऑफि स सिग्नल के बीच शिकायतकर्ता काम कर रहा था, जीतेन्द्र कॉर्पोरेशन कंपनी के 1599133 रुपए नकद बैग में बजाज अप्पे गाड़ी क्रमांक एमएच- 47 ई-0435 पीछे ताला लगाकर रखा था।

## दर्दनाक सड़क हादसा, तीन वाहनों की टक्कर, तीन लोगों की मौत!

**मुंबई :** मुंबई-पुणे जिले में पुणे-नासिक एक्सप्रेसवे पर पेटघाट के पास शनिवार सुबह तीन वाहनों की टक्कर में कार में आग लगने से तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना में एक शख्स गंभीर रूप से घायल हो गया और उसका इलाज नजदीकी अस्पताल में किया जा रहा है. हाईवे पुलिस इस घटना की जांच कर रही है. पुलिस के मुताबिक, आज सुबह पुणे-नासिक हाईवे पर पेटघाट के पास टेंपो कंटेनर अचानक नियंत्रण खो बैठे और आपस




में टकरा गए. इसके बाद दोनों गाड़ियां मुंबई की ओर जा रही एक कार से टकरा गईं। इससे कार में आग लग गयी. इस घटना में कार का दरवाजा नहीं खुलने के कारण तीन लोगों की कार में ही जलकर मौत हो गई. इस घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया. घटना की सूचना मिलने पर हाईवे पुलिस मौके पर पहुंची और घायल व्यक्ति को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। इस घटना में घायल व्यक्ति की हालत गंभीर बताई जा रही है.


## ननद सुप्रिया सुले बनाम भाभी सुनेत्रा, बारामती लोकसभा का चुनाव बेहद रोचक रहेगा

**मुंबईः** महाराष्ट्र की बारामती लोकसभा चुनाव क्षेत्र में अजित पवार अपनी पॉवर दिखाने लगे हैं जिससे शरद गुट विचलित हो गया है। अजित पवार जहां घूम-घूमकर शरद पवार को घेर रहे हैं, वहीं शरद पवार के जितेंद्र आव्हाड अजित को घेर रहे हैं। एक दूसरे को जवाब देने में दोनों के बीच होड़ लगी है। उन्हें अपनी तरफ खींचने के लिए अजित और शरद पवार सक्रिय हैं। कोई भावुक अपील कर रहा है, तो कोई भावना में बहने से रोक रहा है, इसलिए इस बार बारामती लोकसभा का चुनाव बेहद रोचक रहेगा। यहां पर ननद सुप्रिया सुले बनाम भाभी सुनेत्रा अजित पवार के बीच रोचक मुकाबला होने की संभावना है। सुनेत्रा पवार के प्रचार का पहिया अभी से चल पड़ा है। शुक्रवार को अजित पवार ने बारामती का दौरा किया। विकास कार्य का उद्घाटन करते हुए शरद पवार की भावनात्मक अपील से बचने की भी अपील की।



एनसीपी में फूट और पवार परिवार की राजनीतिक भूमिका पर उपमुख्यमंत्री डटकर बोले। अजित पवार ने कहा कि आपसे भावनात्मक अपील की जाएगी। आपको भावुक करने की कोशिश की जाएगी, लेकिन कत्तई भावुक नहीं होना, क्योंकि भावुक होने से रोजी-रोटी की समस्या हल नहीं होती। भावुक होने से काम नहीं होते। काम करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। हमें पूरी मेहनत से काम करना होगा। मैं आपके साथ हूं। आप जब तक एकजुट होकर हमारे साथ खड़े रहेंगे, तब तक मैं आपके लिए काम करता रहूंगा। अजित पवार ने कहा कि उन्हें अकेला करने के लिए कुछ लोग अपनी जान खतरे में डाल रहे हैं। उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा कि हमारे पवार परिवार में शरद पवार एकमात्र वरिष्ठ हैं। बाकी कुछ लोग भी हैं, जो पुणे में रहते हैं। लोकसभा चुनाव में मेरे परिवार को छोड़कर शायद सभी लोग मेरे खिलाफ प्रचार करेंगे। भले ही मेरे घर के लोग मेरे खिलाफ गए, लेकिन जनता मेरे साथ खड़ी है। अजित पवार ने आगे कहा कि हर किसी को चुनाव प्रचार करने की आजादी है, लेकिन मुझे अकेला करने के लिए कुछ लोग अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। अपने समर्थकों से आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनावों के लिए तैयार रहने और जोरदार प्रचार करने की अपील की। बारामती लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र पर अजित पवार का विशेष ध्यान है। बताया जा रहा है कि इस लोकसभा चुनाव में वे अपनी पत्नी सुनेत्रा पवार को मैदान में उतार सकते हैं, इसलिए वे अभी से ही प्रचार में लग गए हैं। ऐसा होता है तो इस बार मुकाबला ननद सुप्रिया सुले बनाम भाभी सुनेत्रा पवार के बीच होगा।

## ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए खार सबवे पर मनपा बनाएगी ब्रिज, बांद्रा टर्मिनस पहुंचना होगा आसान...



**मुंबई :** खार सबवे में ट्रैफिक जाम होने से आसपास के लोगो को बड़ी परेशानियां झेलनी पड़ती है। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए मनपा ने खार सबवे पर ब्रिज बनाने का निर्णय लिया है। ब्रिज बनाने की प्रक्रिया मनपा ने शुरू कर दी है। ब्रिज के बनने से बांद्रा स्टेशन से बांद्रा टर्मिनस जाने वालों को बड़ी रहत मिलेगी। मनपा ने बांद्रा पूर्व में स्टेशन से टर्मिनस तक ब्रिज बनाने का फैसला किया है। इसके बनने से यात्रियों को टर्मिनस जाने में भी बड़ी आसानी होगी। बांद्रा टर्मिनस जाने के लिए लोगो को आटो रिक्शा वालो की मनमानी से भी छुटकारा मिलेगा। बता दे कि नवंबर 2023 में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के स्थानीय दौरे के दौरान लोगों ने इलाके में ट्रैफिक जाम की समस्या की शिकायत की थी। मुख्यमंत्री ने नागरिकों को आश्वासन दिया था कि यहां खार सब वे के ऊपर फ्लाईओवर बनाया जाएगा। इस संबंध में रेलवे और मनपा अधिकारी समन्वय कर फ्लाईओवर निर्माण का रास्ता निकालेंगे। मनपा ब्रिज विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि मनपा आयुक्त ने हमें इस प्रोजेक्ट के लिए डीपीआर (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) तैयार करने का आदेश दिया है। मनपा की योजना है कि फ्लाईओवर के जरिए खार ईस्ट और वेस्ट को जोड़ा जाएगा। यह ब्रिज एसवी रोड और वेस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे को जोड़ेगा। इससे गाड़ियों की आवाजाही सबवे से काफी कम हो जाएगी। बारिश के दिनों में खार सबवे की स्थिति काफी खराब हो जाती है। जलजमाव के कारण गाड़ियों की आवाजाही बार-बार रोकी जाती है इससे सड़क पर भारी ट्रैफिक जाम का सामना लोगों को करना पड़ता है। इस ब्रिज के बनने से खार के साथ सांताक्रुज, बांद्रा , एसवी रोड और वेस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे पर ट्रैफिक की समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी।



# मीरा भायंदर शहर से रिक्शा चोर गिरफ्तार...

## चोरी की रिक्शा भाड़े पर चलाने के लिए देता था



**भायंदर :-** मीरा भायंदर शहर से रिक्शा चुराकर किराया वसूलने के लिए उन्हें किराये पर देने वाले एक चोर को केंद्रीय अपराध जांच शाखा ने विरार इलाके से गिरफ्तार किया है। मीरा भायंदर वसई विरार पुलिस आयुक्त मधुकर पांडे ने शहर में वाहन चोरी की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस को निर्देश दिए हैं। इसके अनुसार, चोरों की जांच शुरू हो गई है और केंद्रीय अपराध शाखा द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक विरार इलाके में आईएसएम के पास मौजूद चाबी से रिक्शा चोरी कर रहा था और फिर उनमें बदलाव कर उन्हें किराये पर देकर पैसे कमा रहा था। प्राप्त जानकारी के आधार पर पुलिस ने जाल बिछाया और उसे गिरफ्तार कर लिया और 9 रिक्शा और 2 दोपहिया वाहन जब्त कर लिए। उसके पास से जब्त माल की कीमत 6 लाख से अधिक है. पुलिस इंस्पेक्टर संदीप कदम ने जानकारी दी है कि आरोपी के खिलाफ सानपाड़ा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज है.

# तमिलनाडु के विरुधुनगर में पटाखा फैक्टरी में जोरदार विस्फोट...

## 8 लोगों की मौत, कई घायल



**विरुधुनगरः** तमिलनाडु के विरुधुनगर में पटाखा फैक्टरी में शनिवार को जोरदार विस्फोट हुआ। इस विस्फोट में अभी तक कम से कम 8 लोगों की मौत होने की जानकारी मिल रही है, जबकि तीन अन्य घायल बताए जा रहे हैं। पुलिस ने इस विस्फोट की जानकारी दी है। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के हवाले से बताया कि मृतकों में महिलाएं भी शामिल हैं। पटाखा बनाने की इस फैक्टरी में किस वजह से आग लगी है, इसका अभी पता नहीं चल सका है। बता दें कि यह घटना तमिलनाडु के वेम्बकोट्टई पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले एक स्थान पर हुई है।

**यूपी में पटाखे की वजह से लगी आग**

बता दें कि इससे पहले यूपी के चित्रकूट जिले में आयोजित दो दिवसीय बुंदेलखंड गौरव महोत्सव कार्यक्रम में बुधवार को भीषण विस्फोट हो गया था, जिसमें दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी।

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच के लिए अपर पुलिस महानिदेशक की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने के निर्देश दिए। उन्होंने हादसे में मारे गए लोगों के परिजन को पांच-पांच लाख रुपये और गंभीर रूप से घायल लोगों को 50-50 हजार रुपये की सहायता का भी ऐलान किया।

वहीं चित्रकूट के जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने बताया कि पर्यटन विभाग की ओर से दो दिवसीय बुंदेलखंड गौरव महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन चित्रकूट इंटर कॉलेज के मैदान में किया गया था। बुधवार शाम आतिशबाजी का कार्यक्रम निर्धारित था, इसके लिए मंच के पीछे पटाखे रखे थे। उन्होंने बताया कि आतिशबाजी से पहले अपराह्न करीब सवा तीन बजे अचानक पटाखों में विस्फोट हो गया और जिससे वहां काम कर रहे दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की गहराई से जांच की जा रही है। जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

## ईडी अधिकारी बताकर धोखाधड़ी




**मुंबई :** मुंबई अपराध शाखा ने एक ट्रैवल फर्म चलाने वाले व्यवसायी की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर खुद को ईडी अधिकारी बताकर वसूली करने के मामले में गिरफ्तार किया है। अदालत में पेशी के बाद आरोपी को 21 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेजा है। अपराध शाखा मामले कि अधिक जांच में जुटी हुई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता ताज ग्रुप ऑफ होटल्स के पहले डायरेक्टर थे। उसके बाद उन्होंने कई जगह नौकरियां भी की है। उनके बेटे को पहले ईडी ने एक मामले में गिरफ्तार किया था। जिसमें मदद के लिए शिकायतकर्ता के दोस्त के जरिये वह आरोपी हिरेन रमेश भगत उर्फ रोमी तक पहुंचा, उसने शिकायतकर्ता के बेटे को मदद करने के नाम पर करोड़ों रुपये ले लिए। जानकारी के मुताबिक 9 करोड़ से अधिक पैसे लिए और एक महंगी घड़ी भी लेली थी। इसकके बाद कोई भी मदद न मिलने पर शिकायतकर्ता ने मामले में एफआईआर दर्ज करवाया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। मामले की अधिक जांच अपराध शाखा कर रही है।

# बोरीवली में मां ने की अपने ही बेटी की हत्या...

## खुद अपने हाथ का काट लिया नस

**मुंबई :** बोरीवली में मां अपने बेटी की हत्यारी बन गई। हत्या के बाद उसने खुद अपने हाथ का नस काट लिया। इसके बाद उसने पति से खुद को बचाने की गुहार लगाई। पति ने पुलिस के मदद से पत्नी को बचा लिया लेकिन बच्ची की मृत्यु हो गई। पुलिस ने मां के खिलाफ हत्या की संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज किया है। इसकी जांच पुलिस द्वारा की जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बेटी की हत्या करनेवाली मां का नाम रेखा सोलंकी (46) है। रेखा ने खुद को बच्ची के साथ घर में बंद कर लिया था। जिसके बाद अपने 11 साल के बच्ची की दुपट्टे से गला दबाकर हत्या कर दी और खुद के हाथ की नस काट ली। उसका पति बाहर दरवाजा खटखटा रहा था, लेकिन वह दरवाजा नहीं खोली। थोड़े समय बाद वह खुद चिल्लाने लगी कि उसने अपने बेटी की हत्या कर दी है और नस काट ली। तभी पति




ने मुंबई पुलिस कंट्रोल 100 नंबर पर फोन किया और मदद की मांग की। पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर महिला को बाहर निकाला। उसे कांदिवली पश्चिम स्थित डॉ बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल ले जाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है और बच्ची की मृत्यु हो गई।


**मां का अस्पताल में चल रहा है इलाज**

एक अधिकारियों ने बताया कि रेखा के पति के मुताबिक महिला का मानसिक बीमारी को लेकर इलाज चल रहा था। वह बीते 10 सालों से अंधेरी और बरोडा के दो अस्पतालों से दवा ले रही थी। मगर, पिछले तीन दिनों से उसने दवा नहीं खाई थी। जिस वजह से वह ज्यादा वाइब्रेंट हो गई। 11 साल की लड़की का नाम रुहानी सोलंकी था। उसे शताब्दी हॉस्पिटल लेकर जाया गया जब डॉक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया।

**पति खटखटाता रहा दरवाजा, पत्नी ने नहीं खोला**

सोलंकी परिवार के लोगों ने खाना खाया और मां ने अपनी बेटी के साथ खुद को एक कमरे में बंद कर लिया। पति अपने कुत्ते के साथ टहलने गया हुआ था जब वह लौटकर आया तब उसके बेटी की चिल्लाने की आवाज आई और वह दरवाजा खटखटाते रह गया लेकिन पत्नी ने दरवाजा नहीं खोला। थोड़े समय में वह अंदर से चिल्लाने लगी जिसके बाद उसने पुलिस से मदद मांगी। फिलहाल मामले की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।

## मुंबई के गोवंडी इलाके में लगी भीषण आग, 10-15 घर जले



**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुंबई के गोवंडी इलाके में शनिवार को सुबह भीषण आग लग गई। आग इतनी भयानक थी कि उसके चपेट में आने से 10-15 घर आ गए। आग की सूचना पाते ही मौके पर दमकल की गाड़ी पहुंच गई। ये आग मुंबई के गोवंडी इलाके में स्थित आदर्श नगर में एक झुग्गी बस्ती में 1 सुबह तड़के आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही नौ से ज्यादा फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गईं। आग से करीब 10-15 घर जल गये। अभी तक किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। मौके पर दमकल अधिकारी और मुंबई पुलिस मौजूद है। आग पर मशक्कत के बाद काबू पाया गया। हालांकि, ये आग आग कैसी लगी। शॉट सर्किट या फिर किसी दूसरे वजह से। इसकी जानकारी अभी नहीं हो पाई है। पुलिस जांच में जुटी है।

# आरबीआई ने 15 मार्च के बाद पेटीएम पेमेंट्स बैंक परिचालन पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न जारी किए...

**मुंबईः** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को फिनटेक दिग्गज के ग्राहकों की सुविधा के लिए पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों (एफएक्यू) की एक सूची जारी की, जिस पर नए ग्राहकों को शामिल करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। आरबीआई ने एक प्रेस बयान में पेटीएम पेमेंट्स बैंक के लिए परिचालन बंद करने की समय सीमा 29 फरवरी से 15 दिन बढ़ाकर 15 मार्च करने की घोषणा की।

30 सूत्रीय ऋक्षद में, केंद्रीय बैंक ने कहा कि ग्राहक 15 मार्च के बाद भी चालू और बचत दोनों खातों से उपलब्ध शेष राशि तक धनराशि का उपयोग, निकासी या हस्तांतरण कर सकेंगे। पेटीएम पेमेंट्स बैंक डेबिट कार्ड का उपयोग भी किया जा सकेगा। अनुमति है लेकिन केवल




इन्हीं उद्देश्यों के लिए।

हालाँकि, केंद्रीय बैंक ने स्पष्ट किया है कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक के ग्राहक ब्याज, कैशबैक, पार्टनर बैंकों से स्वीप-इन या रिफंड के अलावा अपने खातों (वेतन खातों और प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण सहित) में पैसा जमा नहीं कर पाएंगे। चूंकि 15 मार्च के बाद पेटीएम खातों में कोई क्रेडिट या जमा की अनुमति नहीं होगी, केंद्रीय बैंक ने ग्राहकों को समय सीमा से पहले किसी अन्य बैंक के माध्यम से वैकल्पिक व्यवस्था करने की सलाह दी।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : शॉप नंबर ४ , मदीना मेंशन, ८९ ए, कैडल रोड, अपोजिट बिल्लाबोंग स्कूल, माहिम पश्चिम, मुंबई ४०००१६ , महाराष्ट्र मोबाइल नं 998777 5650 व्हाट्सप्प नं 7977408589: Email-editor@rokthoklekhaninews.com